हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन
4



## खबर संक्षेप

### जनहानि के एक मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम गुल्लू निवासी स्व. अर्पण मिंज का पानी में डूबने से 10 मई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके माता श्रीमती राजमनी मिंज हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### युवातियों के लिए नि:शुल्क सिलाई एवं बैग निर्माण प्रशिक्षण



**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल द्वारा जुलाई से सितम्बर 2025 तक ग्रामीण क्षेत्र की युवातियों के लिए नि:शुल्क सिलाई एवं बैग निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्था ने इन युवतियों का चयन उन वर्गों से किया जो आर्थिक समस्याओं से जूझ रही थीं, प्रेम प्रसंग और लैंगिक अपराध से मुक्त कराई गई थीं तथा आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता महसूस कर रही थीं। तीन माह तक चले इस प्रशिक्षण में सिलाई और बैग बनाने के साथ साथ टमाटर, निम्बू, आंवला, महुआ का अचार, केक, लड्डू, और झुमर बनाने की विधि भी सिखाई गई। इसके साथ ही मानव तस्करी रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम और लैंगिक अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। बच्चों और लड़कियों से जुड़ी सच्ची घटनाओं के उदाहरण देकर प्रतिभागियों को आत्म - सुरक्षा के उपाय बताए गए। समापन अवसर पर जीवन झरना विकास संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए और उन्हें अपने सीखे हुए कौशल का उपयोग कर स्वावलम्बी बनने तथा परिवार की आर्थिक मदद करने का सुझाव दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तीन माह की अवधि में उन्होंने न केवल सिलाई और अन्य कौशल सीखे बल्कि बड़ों का आदर करना, अनुशासन में रहना, सही ढंग से बात करना और किसी के बहकावे में न आना जैसे जीवनोपयोगी ज्ञान भी प्राप्त किया। संस्था ने सभी ने सभी प्रशिक्षार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### सैनिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 30 तक

**जशपुरनगर।** सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वीं और कक्षा 9वीं में बालक एवं बालिकाओं के प्रवेश हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित पेन एवं पेपर बहुविकल्पीय प्रश्न पेपर पैटर्न आधारित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन जनवरी 2026 को किया जाएगा। जिसके लिए 30 अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए परीक्षार्थियों की चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। सर्वप्रथम उन्हें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल होना होता है। जिसके पश्चात उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण होता है। स्वास्थ्य परीक्षण में फिटनेस तथा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची बनती है। केवल अंतिम प्रावीण्य सूची में चयनित होने वाले अभ्यर्थियों का ही सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश होता है। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के आधिकारिक वेबसाईट पर 30 अक्टूबर 2025 शाम 05:00 बजे तक भर सकते है। कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए विद्यार्थी की आयु 31 मार्च 2026 को 10 से 12 वर्ष के बीच होना चाहिए एवं प्रवेश के समय कक्षा पाचवीं उत्तीर्ण होना चाहिए।

### दुलदुला पुलिस ने खेत मालिक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

# खेत के चारों ओर लगाया था करंट का जाल, युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के दुलदुला थाना क्षेत्र के ग्राम खूंटीटोली, कस्तूरा में खेत की सुरक्षा के नाम पर मौत का जाल बिछा दिया गया था। खेत के चारों ओर नंगे तारों में हाई वोल्टेज बिजली प्रवाहित करने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जांच में खुलासा होने के बाद खेत मालिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की शुरुआत 24 सितंबर को हुई जब खूंटीटोली निवासी अनथ्रेस एक्का (55 वर्ष) ने थाना दुलदुला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पुत्र असलम एक्का (26 वर्ष), जो कमजोर नजर वाला और धीमी गति से चलने वाला युवक था, 23 सितंबर की दोपहर लगभग 3 बजे खेत की ओर गया था। कुछ देर बाद वह वापस नहीं लौटा। खोजबीन करने पर पता चला कि वह बगल के खेत में गिरा पड़ा है। उक्त खेत गांव के ही बलेरियम एक्का (53 वर्ष) का था, जिसके चारों ओर सौर झटका मशीन के तार से घेरा बना था। मृतक असलम उसी तार की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

■ सौर झटका मशीन के नाम पर बिछाया था हाई वोल्टेज तार



#### एसएसपी ने की अपील

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि खेत या घरों की सुरक्षा के लिए बिजली के नंगे तारों का उपयोग करना बेहद खतरनाक और गैरकानूनी है। इससे किसी की जान भी जा सकती है। ऐसे मामलों में पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। लोग अपनी सुरक्षा के नाम पर इस तरह के अवैध तरीकों का प्रयोग न करें।

#### जांच में हुआ बड़ा खुलासा

शुरुआत में ग्रामीणों को लगा कि यह हादसा सौर झटका मशीन से हुआ, परंतु जब पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो मामला उलझने लगा। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टरों की रिपोर्ट में सामने आया कि मृतक के दोनों हाथों और सीने पर गहरे जलने के निशान हैं, जो हाई वोल्टेज बिजली से ही हो सकते हैं। यह रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और गवाहों से पूछताछ की। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी बलेरियम एक्का ने बिजली विभाग की अनुमति के बिना लगभग 800 मीटर दूर खंभे से तार जोड़कर अपने खेत के चारों ओर करंट प्रवाहित किया था। सौर झटका मशीन केवल एक छलावा थी। खेत की सुरक्षा के नाम पर उसने हाई वोल्टेज करंट सीधे नंगे तारों में प्रवाहित कर रखा था, जिसके संपर्क में आने से असलम एक्का की मौत हुई थी।

#### आरोपी गिरफ्तार जेल भेजा गया

पुलिस ने सबूत इकट्ठे करने के बाद आरोपी बलेरियम एक्का के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बिजली तार को भी जब्त कर लिया है।इस पूरे मामले की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी दुलदुला निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू के नेतृत्व में महिला प्रधान आरक्षक चम्पा पैंकरा, प्रधान आरक्षक मोहन बंजारे, आरक्षक अकबर चौहान, विनोद राम, और नगर सैनिक दुर्गा प्रसाद गौतम की अहम भूमिका रही।



# सुलेसा में फिर दिखने लगा नक्सलियों का मूवमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा क्षेत्र के सुलेसा गांव में एक बार फिर नक्सली गतिविधि की आहट से सनसनी फैल गई है। गांव के पूर्व उपसरपंच सल्लु राजवाड़े के घर पर पीएलएफआई माओवादी संगठन के नाम से धमकी भरा पर्चा चस्पा किया गया है। इसमें उन्हें चेतावनी दी गई है कि अगर वे नक्सल संगठन के खिलाफ राजनीति करेंगे तो उन्हें जान-माल से हाथ धोना पड़ेगा।

#### ग्रामीणों में डर, पुलिस ने बढ़ाई पेट्रोलिंग

घटना के बाद से ग्रामीणों में डर का माहौल है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी है और संभावित संदिग्धों की तलाश जारी है।

#### एसपी बोले हर एंगल से जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही बगीचा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पर्चा जब्त कर लिया। एसपी शशिमोहन सिंह ने कहा कि जशपुर जिला वर्ष 2018 से नक्सलमुक्त घोषित है और यहां फिलहाल किसी तरह का नक्सल मूवमेंट नहीं है। फिर भी चूंकि पर्चा नक्सल संगठन के नाम से मिला है, इसलिए पुलिस पूरे संवेदनशीलता के साथ जांच कर रही है। कई बार रंजिश के तहत भी ऐसे कृत्य किए जाते हैं, उस एंगल से भी जांच हो रही है।

#### पर्चे में लिखा "हमारे काम में राजनीति मत करो"

मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व उपसरपंच के घर चस्पा किए गए पर्चे में लिखा गया है कि आप हमारे आदमी के ⏭ शेष पेज 4 पर

## अपर कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की ली बैठक

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री की घोषणा और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के घोषणा के तहत स्वीकृति कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करें इसके साथ ही गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ हितग्राहियों को देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल के बोझ से मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए इस योजना का लाभ अधिक से अधिक उठाएं



योजना के तहत उपभोक्ताओं को आकर्षक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। अपर कलेक्टर ने पीएम जनमन योजनांतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को सभी विभागीय कार्यों को केवल ई-आफिस में माध्यम से निष्पादित करने हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी विभागों का जीएसटी रिटर्न फाइल करने एवं सभी कर्मचारियों का ई-केवायसी पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## महिला रक्षा टीम स्कूल-कॉलेज की छात्राओं से कर रही सीधा संवाद

**सूरजपुर।** आधुनिक जीवन में महिलाओं एवं स्कूली छात्रों की सुरक्षा बहुत जरूरी है और उन्हें इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि क्या चीज सही है और क्या गलत। चाहे वो अपने घर में हो या स्कूल अथवा कहीं बाहर किसी के भी साथ हो। इसी कड़ी में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर महिला रक्षा टीम द्वारा महिलाओं-छात्राओं की सुरक्षा, स्कूल-कालेजों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है और स्कूली छात्रों से सीधा संवाद स्थापित कर सुरक्षा से जुड़ी बातों को बताकर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप के मार्गदर्शन में महिला रक्षा टीम नियमित गश्त और पेट्रोलिंग कर क्षेत्र में बारीकी से नजर बनाए हुए है।

## विश्व हाथ धुलाई दिवस पर स्वच्छ संकल्प अभियान के तहत हुए विविध आयोजन

**जशपुरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत चल रहे "स्वच्छ संकल्प अभियान" के अंतर्गत आज जिले के विभिन्न विद्यालयों में विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को हाथ धोने के महत्व एवं इसके सही तरीकों की जानकारी दी गई।

■ बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें दैनिक जीवन में स्वच्छ आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा हाथ धोने के पांच



चरणों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया, जिसमें साबुन और स्वच्छ जल से हाथ धोने की विधि समझाई गई। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर सीखी गई विधि का अभ्यास किया। उपस्थित अतिथियों ने बताया कि नियमित रूप से हाथ धोने से अनेक संक्रामक बीमारियों से बचाव संभव है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के जिला समन्वयक मदन प्रमी, यूनिसेफ के जिला समन्वयक शास्त्री कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण ⏭ शेष पेज 4 पर

## यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में संचालित शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में व एसडीएम कुनकुरी के मार्गदर्शन में आज 14 अक्टूबर 2025 को विकासखंड कुनकुरी में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया समीक्षा बैठक शिक्षा समिति के अध्यक्ष बालेश्वर यादव के अध्यक्षता एवं एस पैंकरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी और विपिन कुमार अंबष्ट बीआरसीसी कुनकुरी के द्वारा लिया गया। जिसमे विकासखण्ड के समस्त शासकीय शालाओं के प्रधानपाठक एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित हुए।



बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री पैंकरा ने शासन द्वारा संचालित समस्त विभागीय योजनाओं की चर्चा की । जिसमे बच्चों की अपार आईडी, मध्याह्न भोजन योजना एवं इससे जुड़े सभी निर्देश, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति एवं शाला में पूरे दिन रहकर अध्यापन कार्य करने, आदि कर्मयोगी योजना, छात्रवृत्ति ऑनलाइन की तैयारी, जाति प्रमाण पत्र हेतु पात्र बच्चों का आवेदन कराना, गौ विज्ञान परीक्षा हेतु पंजीयन, प्रार्थना सभा का आयोजन, वार्षिक कलेंडर का पालन करने, मूल्यांकन पश्चात पालक शिक्षक बैठक और शाला में अनियमित उपस्थिति वाले बच्चों को मुख्यधारा में लाने हेतु प्रयास आदि अनेक बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अलावा शिक्षक दैनंदिनी, छात्र दैनंदिनी और समस्त पंजीयों, दस्तावेजों को समय पर अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया गया। बीआरसीसी कुनकुरी श्री अंबष्ट के द्वारा शालावार बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, शाला की ग्रेडिंग और क्या बेहतर किया जा सकता है इन बिंदुओं पर समीक्षा की गई। समस्त प्रधानपाठको को अपना समस्त कार्य ⏭ शेष पेज 4 पर

## फसल गिरदावरी ऑनलाइन दावा-आपत्ति का काम लॉक होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ीं

**जशपुर।** जिले में फसल गिरदावरी ऑनलाइन दावा-आपत्ति का काम लॉक हो जाने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। किसानों का कहना है कि धान बिक्री से पहले एग्री स्टेट कार्ड बनवाने की अनिवार्यता तो कर दी गई है, लेकिन इस साफ्टवेयर में व्याप्त अनेक खामियों को दूर नहीं किया गया है। इस वजह से फौती के बाद किसानों के नाम अपडेट नहीं हो पा रहे हैं। इस वजह सैकड़ों किसानों को धान उपार्जन केंद्रों में अपनी धान फसल बिक्री की भी समस्या आ खड़ी हुई है।

पत्थलगांव के तमता क्षेत्र के प्रवास में पहुंची सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय के समक्ष आज सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंचे ऐसे ही पीड़ित किसान धनसाय पैंकरा, महादेव छत्तर, हुकुमचंद, रविशंकर पैंकरा, श्रवण सिदार ने लिखित आवेदन पत्र सौंप कर अपनी समस्या का निराकरण हेतु गुहार लगाई। विधायक गोमती साय के समक्ष किसानों ने बताया कि इस वर्ष फसल गिरदावरी



एंट्री के बाद 30 सितंबर को साफ्टवेयर क्लोज कर दिया गया है। इससे संबंधित ग्राम पंचायत के पटवारी के पास वे दावा-आपत्ति भी नहीं कर पा रहे हैं। शासन की आनलाइन प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी को लेकर किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है। सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने तमता,बालाझार,पंडरी पानी,भैंसामुड़ा क्षेत्र से पहुंचे किसानों को आश्वस्त किया है कि जशपुर कलेक्टर से ⏭ शेष पेज 4 पर

### जिले के 744 गांवों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य पूर्ण

# 4 लाख से अधिक खसरों की जानकारी ऑनलाइन अपलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले के सभी तहसीलों में एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके तहत जिले के कुल 744 गांवों के 4 लाख 3 हजार से अधिक खसरों में डीसीएस के माध्यम से तथा शेष खसरों में मैन्युअल गिरदावरी कर फसलों की ऑनलाइन प्रविष्टि की गई है। इसका उद्देश्य भूमि पर लगी फसल एवं उसके क्षेत्रफल का सटीक आंकलन कर पारदर्शिता एवं उत्पादकता का अनुमान सुनिश्चित करना है।

■ रकबे में लगी फसल की जानकारी ऑनलाइन देखने की भी मिली सुविधा

डीसीएस एवं मैन्युअल गिरदावरी से प्राप्त डाटा का उपयोग राज्य शासन द्वारा धान खरीदी सहित अन्य कृषि योजनाओं में किया जाएगा। विशेष अभियान के तहत चलाए गए सर्वे कार्य में सर्वेक्षण कर्ताओं द्वारा किसानों के खेतों में पहुंचकर मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किस रकबे में कौन सी फसल लगाई गई है, इसकी जानकारी ऑनलाइन अपलोड की गई। ऑनलाइन देख सकेंगे खेत और फसल का विवरण - किसान अपने गांव का गिरदावरी डाटा राजस्व विभाग के वेबसाइट में तथा भुइयां पोर्टल के माध्यम से मैन्युअल गिरदावरी का डाटा देख सकते है। यदि किसी किसान को डीसीएस अथवा मैन्युअल गिरदावरी के डाटा में त्रुटि दिखाई देती है, तो वे संबंधित तहसीलदार के समक्ष लिखित आवेदन देकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा।



#### डिजिटल तकनीक का उपयोग

इसके तहत मोबाइल इंटरफेस के माध्यम से सीधे खेत से डाटा एकत्र करने हेतु डिजिटल फसल सर्वेक्षण प्रणाली स्थापित की गई। यह प्रणाली प्रत्येक कृषि भूखंड की वास्तविक समय की जानकारी उपलब्ध कराती है, जिससे सटीक उत्पादन अनुमान लगाया जा सकेगा।

#### गोपनीयता सुनिश्चित

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के अनुरूप एग्रीस्टैक विकसित किया गया है, जो किसानों के डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित करता है। एग्रीस्टैक के माध्यम से सुरक्षित एपीआई और टोकन आधारित प्रमाणीकरण से डेटा तक नियंत्रित पहुंच सुनिश्चित की गई है। किसानों तक पहुंची डिजिटल सुविधा - जिन किसानों के पास मोबाइल फोन नहीं हैं, उनके लिए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), कृषि सखियों एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से पंजीयन और सेवा प्राप्ति की सुविधा दी गई। जिले में विशेष शिविरों का आयोजन भी किया गया।

## एनडीपीएस के मामले में फरार दंपति को पुलिस ने चांदो से किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हुई महिला निरुद्ध बंदी को पुलिस ने पांच माह बाद न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि एनडीपीएस के मामले में फरार उसके पति को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। महिला बंदनी अस्पताल से फरार होने के बाद पति के साथ चांदो में किराए के मकान में छिप कर रह रही थी। पुलिस ने दंपती को न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक खैरबार हाई स्कूल समीप निवासी आरती सोनी पति मनोज सोनी को पुलिस ने 12 अप्रैल को एनडीपीएस के मामले में गिरफ्तार किया था जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। इसी बीच 30 मई को निरुद्ध विचाराधीन बंदी आरती सोने को जेल चिकित्सक के परामर्श पर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया। देर रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच महिला बंदनी आरती सोनी जेल प्रहरी को चकमा देकर अस्पताल से फरार हो गई। जेल प्रहरी ने घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी महिला के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी महिला पति के साथ बलरामपुर जिले के चांदो में किराए के मकान में रह रही है। सूचना पर गत दिन पुलिस ने दबिश देकर आरती व उसके पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरती के पति मनोज सोनी नशीले इंजेक्शन व गांजा सप्लाई करता है।

## खबर संक्षेप



### पूनम सिंह आर्मो का नेशनल फुटबॉल टीम में चयन

**सूरजपुर।** जिले के सेजस हिंदी माध्यम विद्यालय उमेश्वरपुर प्रेमनगर की कक्षा 11वीं की छात्रा पूनम सिंह आर्मो आ.उत्तम सिंह आर्मो ने अपनी प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पूनम का चयन नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। पढ़ाई के साथ-साथ पूनम खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने गत वर्ष कक्षा 10वीं में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार को गौरवान्वित किया था। अब नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में चयनित होकर उन्होंने दोहरा गौरव अर्जित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अमीन बाई पैकरा उनके गृहनिवास तारकेश्वरपुर पहुंचीं। उन्होंने पूनम को फुटबॉल किट प्रदान कर उत्साहवर्धन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूनम के पीटीआई कोच रावेंद्र वर्मा, अमलेश्वर पैकरा, सुभाष साहू, रुनीया देवी, पुष्पा सिंह, संदीप दास एवं परिजन उपस्थित रहे। पूनम के चयन से विद्यालय सहित तारकेश्वरपुर और उमेश्वरपुर में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

### डीएवी स्कूल बिश्रामपुर की नई प्राचार्य होंगी अनामिका भारती

**बिश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के प्राचार्य का स्थानांतरण हो गया है,यहां पर अब कोरबा डीएवी स्कूल की प्राचार्या अनामिका भारती को पदस्थ किया गया है,गौरतलब है कि डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में पदस्थ प्राचार्य एचके पाठक का तबादला जगदलपुर के बचेली कर दिया गया है,उनके स्थान पर कोरबा से अनामिका भारती को बिश्रामपुर डीएवी पब्लिक स्कूल का नया प्राचार्य बनाया गया है,बताया जा रहा है कि निवर्तमान प्राचार्य एचके पाठक मंगलवार को रिलीव भी हो गए हैं,ज्ञात हो कि निवर्तमान प्राचार्य एचके पाठक डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में 22 अगस्त 2022 से पदस्थ थे।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अजय चतुर्वेदी को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** कोरिया जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में आयोजित कोरिया साहित्य महोत्सव कोसम की परिचर्चा मुख्य वक्ता के रूप



में अजय कुमार चतुर्वेदी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ का इतिहास संस्कृति एवं अनूठी परंपरा विषय पर उन्होंने विभिन्न शोध तथ्यों को प्रस्तुत किया। महोत्सव में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर कोसम सम्मान से सम्मानित किया।

### आईसेक्ट द्वारा शहर में निकाली गई कौशल विकास यात्रा



**बलरामपुर।** देश की अग्रणी कौशल और उच्च शिक्षा संस्थान आईसेक्ट द्वारा कौशल रथ- कौशल विकास यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा 6 अक्टूबर से शुरू होकर 20 राज्यों के 300 जिलों में फैले 500 स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंची और लाखों विद्यार्थियों, युवाओं तथा शिक्षकों को कौशल विकास और भविष्य की तकनीकों से अवगत कराया। इस वर्ष की यात्रा का मुख्य आकर्षण एआई लिट्रेसी मिशन रहा। आईसेक्ट के विशेष रूप से तैयार किए गए कौशल रथ के माध्यम से गांव-गांव और शहर-शहर तक एआई, एआर/वीआर जैसी भविष्य की तकनीकों से संबंधित जानकारी, डेमो और प्रशिक्षण सामग्री प्रदान की गई। यात्रा के दौरान निःशुल्क एआई सेमिनार, कार्यशालाएं, करियर काउंसलिंग सत्र और तकनीकी प्रदर्शनी आयोजित किए गए। आईसेक्ट के प्रवक्ता विकास रवि ने कहा कि कौशल विकास यात्रा 2025 केवल एक शैक्षणिक अभियान नहीं है, बल्कि यह युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने, रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। कन्या महाविद्यालय के प्रचार्य अगस्टिन कुजूर ने आईसेक्ट के इस प्रयास की सराहना की।

### 74 प्रतियोगियों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, भारतीय सभ्यता, संस्कृति, इतिहास, आध्यात्म और जीवन दर्शन के सवाल पूछे गये। परीक्षा में 74 प्रतियोगियों ने भागीदारी की। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षार्थियों को भारतीय ज्ञान परम्परा से सम्बंधित पुस्तक उपलब्ध करायी गयी थी जिसके तथ्यों पर आधारित परीक्षा हुई। परीक्षा पूर्व प्रतिभागियों को भारतीय ज्ञान और विरासतों को लेकर प्रेरित किया। ओएमआर शीट पर हुई परीक्षा की बुकलेट सभी को उपलब्ध कराया गया। परीक्षा संचालन में सहायक प्राध्यापक नीतू सिंह, सगुफ्ता नाज, स्वाती शर्मा, शैली सिन्हा, तुलिका सिन्हा आदि ने सहयोग किया।

## ननि के जोन क्रमांक 3 में हुआ तीन करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा समझौता, होगी कार्रवाईः मंजूषा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को नगर निगम सरकार में डामरीकरण, सड़क व नाली निर्माण जैसे कार्यों की शुरुआत हो गई है। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने शहर के सिंचाई कॉलोनी स्व. रवि त्रिपाठी चौक के समीप लगभग 3 करोड़ की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। बड़ी बात यह है कि आने वाले दिनों में शहर में 18 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाने है।

**खास बात**

- डामरीकरण के साथ ही सीसी सड़क, नाली व अन्य कार्य शामिल

कलेक्टर बंगला रोड में सड़क डामरीकरण सहित 3 करोड़ की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत पूजा अर्चना के बाद भूमि पूजन किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि चुनाव जीतकर सरकार में आने के बाद यह उनके कार्यकाल के पहले विकास कार्य का भूमि पूजन है। जोन क्रमांक 3 में लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य किए जाने है जबकि शहर में 18 करोड़ रुपए की लागत से काम किए जाएंगे। विकास कार्यों के लिए शहर के 48 वार्डों को कुल 5 जोन में बांटा गया है। आज पहले भूमि पूजन के साथ विकास कार्यों की शुरुआत की गई है, इसी तरह के विकास के लिए सभी जगह भूमि पूजन होना है। उन्होंने कहा कि इस बार समय से पहले बारिश आई जिससे सड़कों के मरम्मत का कार्य नहीं हुआ और बारिश में लोगों को जर्जर सडक और गड्ढों से परेशानी हुई और इसके लिए जनता से माफी मांगती हूं लेकिन अब बारिश समाप्त हो गई है और शहर में डामरीकरण, सीसी सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेवर ब्लॉक के कार्य किए जाएंगे। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण करने के साथ ही अनुबंध भी हो गए है। सबसे पहले खस्ताहाल सड़कों के मरम्मत को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि शहर में होने वाले विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसके लिए मुझे रात दिन मॉनिटरिंग करनी पड़ी तो करूंगी। जो इमानदारी से काम करना चाहते है वही रहेंगे यही मेरा अधिकारियों को सन्देश है इसके साथ ही निर्माण की गुणवत्ता खराब होने पर सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि मां महामाया से ही शहर की पहचान है इसलिए 11.59 करोड़ की लागत से महामाया मंदिर कॉरिडोर निर्माण के साथ ही महामाया तालाब का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा।

भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि बरसात के समय कांग्रेस के लोग बहुत हल्ला करते रहे कि नगर निगम में काम नहीं हो रहा, अब काम शुरू हो रहा है तो उन्हें भी आकर देखना चाहिए। इस अवसर पर नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टीन्नी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में आज से शुरू हुआ निर्माण कार्यों का सिलसिला लगातार चलने वाला है। विष्णु देव साय सरकार का संकल्प हमने बनाया है हम ही संवारेंगे जरूर पूरा होगा क्योंकि विकास कार्यों के लिए सरकार के पास पैसों की कोई कमी नहीं है। कार्यक्रम को पूर्व सभापति ललन प्रताप सिंह, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, पार्षद आलोक दुबे तथा पार्षद मनोज गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पीडब्ल्यूडी प्रभारी मनीष सिंह ने तथा आभार प्रदर्शन नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, श्रीमती अरुणा सिंह, अंबिकेश केशरी, करता राम गुप्ता, अभिमन्यु गुप्ता, संतोष दास, अनिल जायसवाल, अभिषेक शर्मा, कैलाश मिश्रा, विवेक दुबे, अनिल तिवारी, रमेश जयसवाल, रवीन्द्र गुप्त भारती, जितेंद्र सोनी, विशाल गोस्वामी, श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, सुशांत घोष, श्रीमती अनीता रवीन्द्र गुप्त भारती, शशिकांत जायसवाल, रविकांत उरांव, छोटू पांडे, शैलेश सिंह, छोटू मेराज, डॉ. शिवमंगल सिंह, निरंजन राय, राहुल त्रिपाठी, दीपक गर्ग, तथा नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।



भूमि-पूजन करती महापौर, सभापति एवं अन्य।

### इन वार्डों में शुरू होगा काम

शहर के 48 वार्डों को ननि ने 5 जोन में बांटा है। मंगलवार को पहले चरण में जोन क्रमांक 3 में शहर के वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 29, 30, 31, 36 व 37 में कुल 291.52 लाख के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। इसमें डामरीकरण हेतु 147. 81 लाख, नाली निर्माण हेतु 69.57 लाख, सीसी रोड निर्माण हेतु 65.6 व पेवर ब्लॉक निर्माण हेतु 8.50 रुपए कार्य कराए जाने है।

### छोटे व्यवसायियों को हुए नुकसान के लिए मांगी माफी

शहर में इन दिनों सड़क किनारे संचालित ठेले गुमटियों को हटाने का काम चल रहा है। अब तक शहर के चौपाटी के समीप, स्कूल रोड, कोर्ट के समीप सहित अन्य स्थानों से ठेले गुमटियों को हटाया गया है जबकि बनारस रोड और एमजी रोड के ठेले गुमटी संचालकों को भी नोटिस दिया गया है। दीपावली के ठीक पहले इस कार्रवाई से ठेले गुमटी संचालकों का व्यवसाय पूरी तरह से ठप हो गया है। ननि द्वारा ठेले गुमटी संचालकों को पुराना बस स्टैंड में शिफ्ट करने की व्यवस्था भी की गई है लेकिन ज्यादातर गुमटी संचालक पुराना बस स्टैंड नहीं जाना चाहते है। ऐसे में महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह कार्रवाई की गई लेकिन ठेला गुमटी संचालकों का व्यवस्थापन किया जा रहा है लेकिन वे जाने को तैयार नहीं है। उनकी सोंच है कि सड़क पर ठेला लगाने से ही व्यवसाय होगा और वे हमारी वयवस्था को नहीं मान रहे है। हम जल्द ही कंपनी बाजार को सब्जी मंडी में शिफ्ट करने जा रहे है जिसके बाद यहां छोटी छोटी गुमटियों के माध्यम से चौपाटी निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो नुकसान हो रहा है उसके लिए खेद जताते हुए माफी मांगती हूं, दीपावली के समय यह कार्रवाई नहीं होनी चाहिए थी यह गलती मुझसे हुई है।

## विवादों में घिरा नपं कार्यालय, आरटीआई कार्यकर्ता और पार्षद के बीच विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नगर पंचायत कार्यालय एक बार फिर विवादों में घिर गया है। 13 अक्टूबर की दोपहर लगभग 1.30 बजे नगर पंचायत कार्यालय में आरटीआई कार्यकर्ता विकास गर्ग उर्फ बाबू चिनार और नगर पंचायत अध्यक्ष पति एवं पार्षद दिनेश साहू के बीच गाली-गलौज और हाथापाई की घटना सामने आई है। इस पूरे प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आरटीआई कार्यकर्ता विकास गर्ग नगर पंचायत कार्यालय में सूचना के अधिकार के तहत आवेदन अंग्रेजी भाषा में देने पहुंचे थे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ विद्यासागर चौधरी ने अंग्रेजी की बजाय हिंदी में आवेदन देने की बात कही और अंग्रेजी आवेदन को रिसीव करने से मना कर दिया। इसी दौरान पार्षद दिनेश साहू कार्यालय पहुंचे और विकास गर्ग को समझाने का प्रयास किया लेकिन बात बढ़ते-बढ़ते विवाद, गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गई। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला सुर्खियों में है। घटना के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, उनके पति दिनेश साहू, सीएमओ विद्यासागर चौधरी तथा अन्य कर्मचारी लखनपुर थाने पहुंचे और आरटीआई कार्यकर्ता विकास गर्ग के खिलाफ आवेदन दिया जिसपर पुलिस ने बीएनएस की धारा 221 और 296 के तहत मामला दर्ज किया है। दूसरी ओर आरटीआई कार्यकर्ता विकास गर्ग उर्फ बाबू चिनार ने भी थाने में आवेदन देकर पार्षद दिनेश साहू पर गाली-गलौज, मोबाइल फेंकने, ब्लूटूथ तोड़ने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के बाद से उन्हें और उनके परिवार को जान का खतरा है, इसलिए उन्होंने सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा नगर पंचायत कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार ने बताया कि गाली-गलौज और मारपीट के मामले को लेकर दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच की जा रही है, रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- वायरल हो रहा वीडियो, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

### दी गई है शिकायत

विकास अग्रवाल नपं कार्यालय में अंगेजी में सूचना का अधिकार के तहत आवेदन दे चुके है और उन्हें नियमानुसार जानकारी भी दी गई है। अंग्रेजी भाषा में आवेदन देने पर जानकारी देने में समय लगता है। यही बात उन्हें समझाया जा रहा था लेकिन वे तत्काल पावती देने के साथ विवाद कर कार्यालयीन समय में कार्य में बाधा उत्पन्न करते है। 13 अक्टूबर को भी अध्यक्ष पति दिनेश साहू से सूचना के अधिकार को लेकर विवाद हुआ। ऐसे में नपं के कर्मचारियों ने थाने में शिकायत दी है।

-**विद्यासागर चौधरी**, नगर पंचायत सीएमओ



### ग्राम पंचायत नवाडीह में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत नवाडीह में छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही। नागपुरी, भोजपुरी गीतों की अनुपम प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। लखन लाल देवांगन आर्केस्ट्रा ग्रुप की प्रस्तुति से लोग झूमते नाचते नजर आए। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, राजेश गुप्ता, शिवकुमार जायसवाल, प्रफुल्ल गुप्ता, पपल जायसवाल, अमित सिंघल, शिबू सिंह, रितेश यादव, मोहन, शैलेश बाबा, रिंकू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चार दिनों तक मंथन के बाद जिलाध्यक्ष के लिए 6 नाम लेकर लौटी टीम




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन हेतु चार दिनों तक चले मंथन के बाद पर्यवेक्षकों की टीम वापस लौट गई। टीम जिले से 6 उम्मीदवारों के नाम लेकर गई है। चार सदस्यीय टीम अब जशपुर जिले में जिलाध्यक्ष के लिए रायशुमारी करेगी। जशपुर रवाना होने से पहले मुख्य पर्यवेक्षक राजेश ठाकुर ने बताया कि नवंबर माह में जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा हो जाएगी। बता दें कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड राज्य के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर के नेतृत्व में 4 सदस्यीय पर्यवेक्षक दल का गठन किया था। इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू, भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन महामंत्री अमरजीत चावला शामिल थे। मंगलवार को दरिमा, मैनपाट, बतौली और सीतापुर ब्लॉक में रायशुमारी के बाद राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने नए जिलाध्यक्ष के चयन के लिए 3 मानदंड तय किये थे। ऐसा व्यक्ति जो कांग्रेस की विचारधारा से ओतप्रोत हो, आम जन के दुखदर्द से जुड़ा हो, और आमजन की समस्याओं के लिए संघर्ष करने वाला हो ऐसा व्यक्ति जिलाध्यक्ष के लिए उपयुक्त रहेगा। 4 दिन के दौरे की समाप्ति पर उन्होंने कहा कि सरगुजा जिले में कांग्रेस का संगठन बेहद मजबूत है, कार्यकर्ता भी बेहद मौजूद हैं और आगामी अवसर में यह संगठन उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

- पर्यवेक्षकों के संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन हेतु की रायशुमारी

### सरगुजा कांग्रेस जिलाध्यक्ष की रेस में प्रमुख नाम

4 दिन चले इस रायशुमारी में मौजूदा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक सबसे मजबूत दावेदार के रूप में सामने आ रहे हैं। विगत 6 माह में संगठन का ढांचा खड़ा करने के साथ ही जिसपर पार्टी कार्यक्रमों को लेकर सक्रिय रहे यह बात उनके पक्ष में जा रही है। एक अन्य बात उनके पक्ष में जा रही है वो पार्टी के सभी आयुवर्ग में उनकी लोकप्रियता है। उनके अतिरिक्त श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष गुरुप्रीत बाबरा, प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, उदयपुर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, अम्बिकापुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनय शर्मा और नरेंद्र सिंह छाबड़ा का नाम प्रमुखता से आ रहा है।

### संगठन सृजन के लिए पहुंचे पर्यवेक्षक, की रायशुमारी

**धौरपुर।** कांग्रेस पार्टी में जिला अध्यक्ष चयन को लेकर लुण्ड्रा एवं धौरपुर में पहुंचे पर्यवेक्षक झारखण्ड के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा किया। पर्यवेक्षक एवं विधायक सावित्री मंडावी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में राजेश ठाकुर ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता सिर्फ जिलाध्यक्ष को नहीं चुन रहे बल्कि अपना एवं पार्टी का भविष्य भी चुन रहे है। सही आदमी का ही चयन करें। इस दौरान राजेश ठाकुर एवं सावित्री मंडावी ने बारी-बारी से कार्यकर्ताओं से चर्चा की। पर्यवेक्षक के तीन घंटे विलंब से पहुंचने के कारण कार्यकर्ताओं को लंबा इंतजार करना पड़ा। इस दौरान पीसीसी सदस्य सोमेश्वर प्रताप सिंह, राकेश गुप्ता, हरप्रीत बाबरा, शफी अहमद, विक्रम सिंह, गंगा प्रसाद सभी मण्डल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## बीच बचाव करने गए बुजुर्ग की पिटाई, अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

करमा नाचने गए ग्रामीण को विवाद सुलझाना महंगा पड़ गया। बीच बचाव करने से नाराज युवक ने बुजुर्ग की बेदम पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अब मर्ग जांच उपरान्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। धौरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लुंड्रा के ग्राम बकीला निवासी 62 वर्षीय नंदलाल दास आ. लोहरा दास 15 सितम्बर को ग्राम सखौली में रिश्तेदार मोहर साय के यहां करमा नाचने गया हुआ था। 16 सितम्बर की सुबह मोहर साय का पड़ोसी तिलक दास व उसका साला राकुमार पनिका उर्फ सोनू दास आपस में लड़ाई कर रहे थे। ऐसे में मृतक नन्दलाल ने बचाव करने का प्रयास किया जिसे तिलक दास भड़क उठा और बुजुर्ग नंदलाल को ही उठाकर जमीन पर पटक दिया और हत्या करने की नियत से पैर से पेट में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पाल में भर्ती कराया गया था जहां 18 सितम्बर को उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत सखौली महादेवपारा निवासी 46 वर्षीय तिलक दास आ. गफूरन दास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी तिलक दास को बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धौरपुर अश्वनी दीवान, प्रधान आरक्षक संजय लकड़ा, आरक्षक पंकज देवांगन, सुशील मिंज, प्रदीप बखला सक्रिय रहे।

- पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार



### कम्पनी आवासों में सेवानिवृत्ति के बाद भी कब्जा जमाए 25 लोगों को नोटिस

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर में ड्यूटी से सेवानिवृत्ति के बाद भी अवैध रूप से कब्जा करने वाले 25 लोगों को आज मंगलवार को संपदा अधिकारी द्वारा सुनवाई हेतु नोटिस जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर कालोनियों में सेवानिवृत्ति के लंबे समय बाद भी अवैध कब्जा कर रखने मामले में एसईसीएल बिश्रामपुर के संपदा अधिकारी द्वारा मंगलवार को 25 कब्ज़ाधारी पूर्व कर्मियों को नोटिस जारी कर समय सीमा के भीतर कम्पनी आवास खाली करने का निर्देश जारी किया गया है,बताया गया कि कुछ लोगों द्वारा नोटिस लेने से मना करने पर उनके कब्ज़ा किये आवासों की सामने दीवार पर नोटिस को चस्पा कर दिया गया है,नोटिस के जवाब हेतु तिथि भी जारी कर दी गई है।

- समय सीमा के भीतर कम्पनी आवास खाली करने का दिया गया निर्देश




### एसईसीएल ने दी 2 प्लास्टिक रिवर्स वेंडिंग मशीन

**बैकुण्ठपुर।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए कोरिया जिला प्रशासन को दो प्लास्टिक रिवर्स वेंडिंग मशीनें प्रदान की हैं।

इन मशीनों की स्थापना से जिले में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी तथा ठोस प्लास्टिक कचरे से पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभावों को कम किया जा सकेगा। यह पहल स्वच्छता और हरित पर्यावरण की दिशा में एसईसीएल का एक महत्वपूर्ण कदम है। इन मशीनों के माध्यम से लोग उपयोग किए गए प्लास्टिक को जमा कर सकेंगे, जिससे उन्हें पर्यावरण हितैषी तरीके से पुर्नचक्रण के लिए भेजा जा सकेगा, इससे न केवल जिले में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि प्लास्टिक मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में भी एक ठोस योगदान होगा। एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र सदैव समाज एवं पर्यावरण के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी इसी तरह की जनहितकारी गतिविधियां जारी रखेगा।



### रिहायशी इलाके में दहशत मचा रहा भालू

**अनूपपुर।** जिले के वन परिक्षेत्र कोतमा के लतार सर्किल अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 456 एवं पी 460 तथा उसके आसपास जमुना कॉलोनी वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में तीन-चार महिने से जंगली वन प्राणी भालू रिहायशी क्षेत्र में निरंतर प्रवेश कर है और इसके पूर्वी कई बार भालू की दस्तक इस क्षेत्र में हो चुकी है। भालू के क्षेत्र में निरंतर आगमन होने से जहां क्षेत्र में रहने वालों को जान माल पर खतरा बना हुआ है, तो वहीं संरक्षित वन प्राणी भालू के जीवन पर भी खतरा बना हुआ है, ऐसी स्थिति में मानव जीवन एवं वन प्राणी के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल रिहायशी क्षेत्र में निरंतर विचरण करने वाले वनप्राणी भालू को पड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए जिससे कि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सेमिनार

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ. आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सा विभाग से डॉ. पूर्णिमा सिंह एवं डॉ. मेघा गुप्ता आमंत्रित रहीं, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य का महत्व एवं उसका प्रभाव विषय पर अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यवहारिक उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी संकेत शर्मा एवं प्राचार्य नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### पटाखा दुकानों में बरतें विशेष सावधानी

**बैकुंठपुर।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने जानकारी दी है कि त्यौहारों में लगाए जाने वाले पंडाल एवं अस्थायी संरचनाओं में आग की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए आईएस स्टैण्डर्ड के तहत कार्य किया जाएगा। पटाखा दुकान में किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट नहीं होना चाहिए, जबकि अज्वलनशील सामग्री से बने टिन द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर एवं एक-दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था के लिए किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होंगी, विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकान ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके उपर से हाईटेंशन पावर लाइन न गुजरती हो।



# दुश्मनों का सामना करते नजर आए अगस्त्य

**मुंबई।** मंगलवार को अरुण खेत्रपाल की जयंती पर फिल्म निर्माताओं ने परमवीर चक्र विजेता अधिकारी अरुण खेत्रपाल की कहानी से प्रेरित फिल्म 'इक्कीस' के एक्टर की झलक दिखाकर फैंस को खुश कर दिया है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' में अगस्त्य नंदा का लुक सामने आया है। एक पोस्टर में अगस्त्य नंदा हाथ में बंदूक लिए युद्ध में दुश्मनों का सामना करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, 'अरुण खेत्रपाल की जयंती पर, 'इक्कीस' की शूटिंग पूरी हो गई है, एक ऐसी कहानी जो हमेशा हमारे दिलों में रहेगी।

लाइफ Style

# श्रीलीला

## एजेंट मिर्ची के रोल में पोस्टर हुआ रिलीज

श्रीलीला जल्द ही एक फिल्म में एजेंट मिर्ची के किरदार में नजर आएंगी। श्रीलीला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। फिल्म से श्रीलीला के लुक को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रीलीला ने मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म से 'एजेंट मिर्ची' के रूप में अपना पहला लुक जारी किया है। फिल्म के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन नए पोस्टर से लगता है कि यह एक्शन से भरी मजेदार फिल्म होगी। श्रीलीला ने इंस्टाग्राम पर अपना धांसू लुक शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'रेडी, स्टेडी, फायर... मिर्ची लगाने वाली है। 19 अक्टूबर #आग लगा दे।' श्रीलीला की पोस्ट कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई। फैंस ने उनकी तारीफ की। एक फैन ने कहा, 'सिंड्रेला अब लेडी जेम्स बॉन्ड बन गई', एक और फैन ने लिखा, 'लीला ऑन फायर एक्शन'। श्रीलीला के लुक से पहले इसी फिल्म से बॉबी देओल का एक पोस्टर जारी किया गया था। बॉबी मोटे काले चश्मे और लंबे बालों में नए अंदाज में दिखे। वे बैंगनी शर्ट और कोट पहने नजर आए। पोस्टर में हेलीकॉप्टर दिखाया गाय, बाकी के पोस्टर में लाल और आग जैसी थीम दिखाई दी। यह श्रीलीला के पोस्टर से मेल खाती है। श्रीलीला के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। अगली फिल्म 'मास जथारा' रवि तेजा के साथ है, जो 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। पवन कल्याण के साथ 'उस्ताद भगत सिंह' पुलिस एक्शन ड्रामा है।



हॉलीवुड मसाला



# एफ1 : द मूवी ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट की धमाकेदार सुपरहिट फिल्म 'एफ1 : द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में धूम मचाई। अकेले भारत में इस फिल्म ने 105.34 करोड़ का नेट कलेक्शन किया।अब, हम एप्पल टीवी की बेजोड़ ग्लोबल रीच के जरिए से इस रोमांचक, सिनेमाई सफर को दुनियाभर के प्रशंसकों तक डिजिटल स्ट्रीम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' यह फिल्म एप्पल टीवी पर 12 दिसंबर को रिलीज होगी।




# नए कॉमेडी शो के साथ वापस आ रहे

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन अपनी जबरदस्त कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। वह उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं, जो बिना कुछ कहे ही अपने अभिनय से लोगों को हंसा सकते हैं। उन्हें उनके चर्चित किरदार मिस्टर बीम के लिए भी जाना जाता है। वह जल्द ही एक नए शो के साथ आ रहे हैं। मशहूर अभिनेता रोवन एटकिंसन नेटफ्लिक्स पर जल्द ही अपने कॉमेडी शो 'मैन वर्सेस बेबी' के साथ वापस आ रहे हैं। यह सीरीज इस साल 11 दिसंबर को ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के चार एपिसोड होंगे। नेटफ्लिक्स ने एक्स पर इस सीरीज का ऐलान करते हुए कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रोवन एटकिंसन एक बच्चे के साथ नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में वह दो बच्चों के साथ हैं और दोनों को दूध पिला रहे हैं।



# अपने संघर्ष की तुलना शाहरुख से की

**मुंबई।** कंगना रनौत बेबाकी से अपनी बातों को रखने के लिए बॉलीवुड में जानी जाती हैं। इस वजह से कई बार वह कंट्रोवर्सी का शिकार भी हुईं। पिछले दिनों एक्ट्रेस ने एक इवेंट में शाहरुख खान और अपने स्ट्रगल की तुलना की। अपने स्ट्रगल को वह ज्यादा मुश्किल बताती हैं। पिछले हफ्ते नई दिल्ली में हुए एक इवेंट में कंगना रनौत ने अपने करियर को लेकर बातचीत की। वह कहती हैं, 'मुझे इतनी सक्सेस क्यों मिली? शायद ही कोई और होगा जो गांव से आकर मेनस्ट्रीम में इतनी सक्सेस हासिल कर पाया हो। आप शाहरुख खान की बात करें, वे दिल्ली से हैं, कॉन्वेंट में पढ़े हैं। लेकिन मैं एक ऐसे गांव (भांबला) से हूं, जिसके बारे में किसी ने सुना भी नहीं होगा।'कंगना रनौत का जन्म 23 मार्च 1986 को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के एक छोटे से कस्बे भांबला में हुआ। मां एक स्कूल टीचर थीं।



# 'संक्रांतिकी' के हिंदी रीमेक में आएंगे नजर

**मुंबई।** तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' अब हिंदी में बनने जा रही है। इस फिल्म ने साउथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और अक्षय कुमार इसे नए अंदाज में बड़े पर्दे पर लेकर आने वाले हैं। वेंकटेश की इस जबरदस्त एक्शन-कॉमेडी फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस फिल्म को निर्देशित किया था अनिल रविपुडी ने और यह साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म साबित हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने दुनिया भर में 250 से 300 करोड़ रुपए की कमाई की थी। रिपोर्ट की मानें तो अक्षय कुमार ने इस रीमेक के लिए अपनी हामी भर दी है। अक्षय को तेलुगु फिल्म का कॉन्सेप्ट और स्क्रीनप्ले इतना पसंद आया कि उन्होंने तुरंत इसके हिंदी रीमेक का फैसला कर लिया।

टीवी मसाला



# केबीसी में ऋषभ ने बिग बी को गिफ्ट की लुंगी

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का नया एपिसोड फैंस के लिए यादगार पल लेकर आने वाला है। इस बार हॉट सीट पर पहुंचे हैं कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार एक्टर-डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी, जो इन दिनों अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। मेकर्स ने एक प्रोमो जारी किया है जिसमें ऋषभबिग बी से एक खास रिक्वेस्ट करते नजर आ रहे हैं। प्रोमो वीडियो में ऋषभ शेट्टी ने मुस्कुराते हुए बिग बी से कहा, 'सर, आपका 'अग्निपथ' वाला डायलॉग सुनने का बहुत मन है।' अमिताभ बच्चन ने भी अपने ही अंदाज में उनकी यह रिक्वेस्ट पूरी की। उन्होंने अपनी फिल्म के किरदार विजय दीनानाथ चौहान के जैसे ही कहा- 'ऋषभ शेट्टी सर, ग्यारहवां प्रश्न आपके स्क्रीन पर डालते हैं। सात लाख पचास हजार रुपए में से पचास हजार आपके, सात लाख हमारे!' यह सुनते ही सेट पर मौजूद हर कोई तालियां बजाने लगा। इसके अलावा मेकर्स ने एक और प्रोमो जारी किया है जिसमें बिग बी ऋषभ शेट्टी को मंच पर आमंत्रित करते हैं। इस दौरान ऋषभ लुगी पहने हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने अमिताभ को भी लुंगी गिफ्ट की है। ऋषभ द्वारा इस गिफ्ट को स्वीकार करने के बाद बिग बी ने कहा कि वो जरूर इस तोहफे को पहनेंगे। इसके बाद अमिताभ का मजाकिया अंदाज भी नजर आया। उन्होंने कहा- 'अगर ये थोड़ा भी इधर से उधर हो गया तो मामला इंटरनेशनल हो जाता है।'

## जीशान ने अमाल को कहा धोखेबाज

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 से पिछले हफ्ते एविक्ट हो गए जीशान कादरी अब घर में बिताए वक्त, और बाकी खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं।



जीशान कादरी की बिग बॉस हाउस में तान्या, नीलम, अमाल, शहबाज और मालती से अच्छी दोस्ती हो गई थी। घर में ज्यादातर वक्त रणनीति बनाते, या दूसरों को शांत करते नजर आते जीशान ने बाहर आने पर तान्या और अमाल के बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर की है। जीशान कादरी ने कहा कि वह अमाल मलिक को असल में अपना सच्चा दोस्त नहीं मानते हैं, क्योंकि उन्होंने कई बार उन्हें धोखा दिया है। जीशान कादरी ने कहा, 'अमाल ने कई बार मुझे धोखा दिया है। मैंने बाहर निकल कर कई क्लिप देखीं जहां वो नेहल को बोल रहा है कि हम अलग ग्रुप बनाएंगे, और कह रहा है 'जीशान जी का हो गया।' तो मुंह पर बोलता ना, इतनी आजादी तो दी थी मैंने उसे। उसने मुंह पर बोला? इसे ही धोखा कहते हैं, यह तकलीफ देता है।' जीशान ने कहा कि वह अमाल को छोटे भाई की तरह देख रहे थे, इसलिए जो कुछ खोया वो उन्होंने (अमाल ने) खोया है, मैंने कुछ नहीं खोया।

# बहुत एक्टिव रहने वाला काम है एक्टिंग : काजोल



**मुंबई।** काजोल ने अपने टॉक शो 'टू मच' में पिछले दिनों कहा था कि एक्टर्स 9 से 5 की नौकरी करने वालों से ज्यादा मेहनत करते हैं। यह बात सोशल मीडिया यूजर्स को रास नहीं आई, काजोल को इस बात के लिए ट्रोल किया गया। काजोल ने फिर इस बात को लेकर बयान दिया है, साथ ही अपनी पुरानी बातों को सही साबित करने के लिए कुछ बातों का जिक्र किया है। एक इंटरव्यू में काजोल कहती हैं, 'एक्टिंग बहुत एक्टिव रहने वाला काम है। जब हम शूटिंग पर होते हैं तो पूरा ध्यान उसी काम पर होता है। मैंने 35 से 40 दिनों तक सीरीज 'द ट्रायल 2' के लिए लगातार शूटिंग की। इस दौरान एक्सरसाइज पर, डाइट पर ध्यान दिया। हमारे लुक में जरा सा चेंज भी पूरे प्रोसेस को खराब कर सकता है। इस वजह से हम पर बहुत दबाव होता है।'काजोल आगे कहती हैं, 'जब आप 9 से 5 की नौकरी करते हैं, तो टी ब्रेक ले सकते हैं, थोड़ा आराम कर सकते हैं। हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। हम कैसे बैठते हैं? कैसे मुस्कुराते हैं? इन बातों पर भी नजर रखी जाती है। हम एक केतली की तरह हैं, जो हमेशा उबलती रहती है। हमें हमेशा अलर्ट रहना होता है, हम अक्सर टेंशन में रहते हैं और हम ऐसे ही जीते हैं।'काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह 'महारागिनी' में नजर आएंगी।

# रश्मिका ने फिर फ्लॉन्ट की सगाई की अंगूठी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है। लेकिन, सगाई की तस्वीरें, फंक्शन बिल्कुल प्राइवेट रखे गए। विजय की टीम ने जरूर जानकारी दी कि शादी फरवरी में होगी। हाल ही में एयरपोर्ट पर रश्मिका मंदाना नजर आईं। जहां वह अपनी सगाई की अंगूठी को फ्लॉन्ट करती दिखीं। फैंस ने रश्मिका की वायरल वीडियो, लुक पर रिएक्शन भी दिए हैं।

रश्मिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रही हैं। एयरपोर्ट पर वह सिंपल सूट-सलवार में दिखाई दीं, उनके बाल भी गीले नजर आए। जब पैपराजी ने फोटो के लिए कहा तो वह देरी का इशारा करती दिखीं। इस दौरान उनके हाथ में सगाई की अंगूठी नजर आईं। पिछले दिनों भी एक इंस्टाग्राम पेज पर रश्मिका ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उनकी सगाई की अंगूठी नजर आ रही थीं। लेकिन, अब तक अपनी सगाई को लेकर रश्मिका ने कोई बयान नहीं दिया है। जल्द ही रश्मिका की बॉलीवुड फिल्म 'थामा' रिलीज होगी। इसमें आयुष्मान खुराना है। इस फिल्म का ट्रेलर और रश्मिका का लुक पिछले दिनों काफी चर्चा में रहा। इसके अलावा वह एक साउथ इंडियन फिलम 'गर्लफ्रेंड' में भी नजर आने वाली हैं।




## हॉरर से लेकर थ्रिलर तक, कॉमेडी से लेकर रोमांस तक

# इस हफ्ते ओटीटी पर होगी एंटरटेनमेंट की बरसात


*नई दिल्ली। त्योहारों के मौसम की शुरुआत हो चुकी है और इसके साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की भरपूर सौगात लेकर कई नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों के लिए हर जोनर की कहानियां पेश होंगी- हॉरर, थ्रिलर, ड्रामा और एक्शन से भरी। 'फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स' से लेकर 'भगवत चैप्टर वन: राक्षस' तक, इस हफ्ते का ओटीटी प्लेटर बेहद खास है।*

**हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन :** ड्रैगन की जादुई दुनिया को नए रूप में दिखाने वाली यह लाइव-एक्शन फिल्म उसी नाम की मशहूर एनिमेटेड मूवी का रीमेक है। शानदार विजुअल्स और भावनाओं से भरी यह कहानी एक बार फिर बच्चों और बड़ों सभी को पसंद आएगी। यह फिल्म 13 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर रिलीज गई है।

**द नेबरहुड सीजन-8 :** मशहूर कॉमेडी शो 'द नेबरहुड' अब अपने आठवें और आखिरी सीजन के साथ दर्शकों से विदा ले रहा है। इस शो में पड़ोसियों के बीच के मजेदार रिश्तों और छोटे-छोटे सामाजिक मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। नया सीजन 14 अक्टूबर जियोहॉटस्टार पर प्रसारित हुआ।



**फाइनल डेस्टिनेशन 6: ब्लडलाइन्स :** हॉरर फिल्मों के प्रशंसकों के लिए यह हफ्ता खास है। फाइनल डेस्टिनेशन सीरीज की छठी कड़ी 'ब्लडलाइन्स' 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में मौत से भागते किरदारों की कहानी पहले से भी ज्यादा डर और रहस्य से भरी है। इसे जैक लिपोव्स्की और एडम स्टीन ने निर्देशित किया है और फिल्म जियोहॉटस्टार पर देखी जा सकेगी।



**द डिप्लोमैट सीजन-3 :** राजनीतिक साजिशों और कूटनीति की दुनिया पर आधारित यह लोकप्रिय वेब सीरीज फिर लौट रही है। इसमें एक अमेरिकी राजनयिक की कहानी दिखाई गई है जिसे ब्रिटेन में नियुक्त किया जाता है और वहां वह अंतरराष्ट्रीय संकटों में उलझ जाती है। सीरीज का तीसरा सीजन 16 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

**भगवत चैप्टर वन: राक्षस :** भारतीय दर्शकों के लिए इस हफ्ते की सबसे बड़ी ओटीटी रिलीज मानी जा रही है- भगवत चैप्टर वन: राक्षस। यह एक अपराध-थ्रिलर फिल्म है जिसमें अरशद वारसी इंस्पेक्टर विश्वास भगवत की भूमिका में हैं, जबकि जितेंद्र कुमार प्रोफेसर समीर बने हैं। फिल्म का निर्देशन अक्षय शेर ने किया है। यह कहानी एक बड़े वेश्यावृत्ति रैकेट और उससे जुड़े रहस्यों पर आधारित है। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज होगी।

**किष्किंधापुरी :** तेलुगु भाषा की यह हॉरर-थ्रिलर फिल्म दर्शकों को रहस्य और डर की नई दुनिया में ले जाएगी। कौशिक पेगल्लापाटी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बेल्लमकोंडा साई श्रीनिवास और अनुपमा परमेस्वरन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 17 अक्टूबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई नो व्हाट यू डिड लास्ट समर :** 1998 की सुपरहिट स्लेशर फ्रैंचाइज़ की अगली कड़ी अब नए रूप में लौट रही है। इसमें पुरानी घटनाओं के राज और खून-खराबे से भरी कहानी दर्शकों को एक बार फिर सिहरने पर मजबूर करेगी। यह फिल्म 18 अक्टूबर को रिलीज़ होगी।

## खबर संक्षेप

### कुख्यात माओवादी सुनील गंजू गिरफ्तार

**राउरकेला।** झारखंड ओडिशा सीमा क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। हजारीबाग जिले के बारकागांव थाना क्षेत्र के जोराकट गांव से कुख्यात माओवादी और सीपीआई माओवादी के पूर्व जोनल कमांडर सुनील गंजू को गिरफ्तार किया गया है। वह 2001 के बेलटू नरसंहार का मास्टरमाइंड था, जिसमें माओवादियों ने 13 निर्दोष ग्रामीणों की नृशंस हत्या कर दी थी। उस समय यह घटना पूरे देश को झकझोर देने वाली साबित हुई थी, क्योंकि माओवादियों पर मृतकों के सिर काटकर फुटबॉल खेलने का भी आरोप लगा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुनील गंजू 1990 से माओवादी संगठन में सक्रिय था। वर्ष 2018 में जेल से रिहा होने के बाद उसने दोबारा संगठन से संपर्क साध लिया और जोराकट व आसपास के इलाकों में टैक्स वसूली व संगठन पुनर्गठन की गतिविधियों में जुट गया था। सघन घेराबंदी में दबोचा गया माओवाद विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने जोराकट क्षेत्र में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसके पास एक बड़ा बैग था। पूछताछ में उसने अपना नाम सुनील गंजू बताया। उसके पास से माओवादी लेटरहेड पर्चे और संगठनात्मक दस्तावेज़ बरामद किए गए हैं।

### पुलिस ने 2 लाख के अवैध पटाखे किए जब्त

**सुंदरगढ़।** टाउन थाना पुलिस ने शंकरा निवासी राजेश साहू उर्फ राजू के पटाखा गोदाम पर छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस निरीक्षक नायक के नेतृत्व में और टाउन थाना अधिकारी के पर्यवेक्षण में यह कारवाई की गई। सूत्रों के अनुसार राजेश अवैध रूप से पटाखों को बिक्री के लिए जमा कर रखा था। पुलिस को यह जानकारी किसी विश्वसनीय सूत्र से मिली, जिसके आधार पर गोदाम पर छापा मारा गया। इस कार्रवाई में लगभग 2 लाख रुपए से अधिक मूल्य के पटाखे बरामद हुए हैं। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 9(बी) 1 (बी) भारतीय विस्फोटक अधिनियम और ओडिशा अग्नि एवं उच्च ध्वनि नियंत्रण अधिनियम की धारा 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब आगे की जांच में जुटी है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पीएम नटवर स्कूल, रायगढ़ में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए नवाचारपूर्ण विचार

# जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पीएम नटवर स्कूल रायगढ़ में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सात विकासखंडों से चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट वैज्ञानिक प्रयोगों व तार्किक प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया।

इस वर्ष विज्ञान सेमिनार का विषय प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना रखा गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी नवीन तकनीकों, पुनर्चक्रण के उपायों और प्लास्टिक के विकल्पों पर अपने नवाचारपूर्ण विचार एवं वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केवी राव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इसके प्रयोग से न केवल जीवन स्तर सुधरता है, बल्कि समाज की अनेक समस्याओं का समाधान भी संभव है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे नई सोच नई दिशा और प्रयोगधर्मी दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने आगे प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी प्रतिदिन विज्ञान से संबंधित समाचार अवश्य देखें, शाम को विज्ञान पर आने वाले कार्यक्रमों पर ध्यान दें और डेली न्यूज पेपर पढ़ने की आदत डालें। यह आदत आपकी वैज्ञानिक समझ और जागरूकता को मजबूत बनाएगी। नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल ने कहा सभी विकासखंडों से आए विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जो विद्यार्थी जिला स्तर पर चयनित होंगे वे जोन स्तर पर रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे और आगे राज्य स्तर तक पहुंचेंगे।

एपीसी श्रीमती किरण मिश्रा एवं अभय पांडे ने बताया कि विद्यार्थियों की प्रस्तुति अत्यंत प्रभावशाली रही। उन्होंने राज्य स्तर पर प्रस्तुति को और निखारने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। निर्णायक के रूप में दिनेश वर्मा, शाउच्च विद्यालय, गोरखा, अनुपम तिवारी, शाउमा विद्यालय, गेरवानी, किरण कुमार पटेल, शाउमा विद्यालय, तारापुर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डीएमसी आलोक स्वर्णकार ने कहा विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का आधार है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने नवाचारों के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण जैसी वैश्विक समस्या के समाधान हेतु योगदान दें। सहायक नोडल अधिकारी वीर सिंह ने बताया कि इस आयोजन में जिले के सभी सातों विकासखंडों के विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें प्रथम स्थान सान्वी पटेल विकासखंड धरमजयगढ़, द्वितीय स्थान आकांक्षा चौधरी पुसौर, तृतीय स्थान निधि प्रधान घरघोड़ा चयनित प्रतिभागी आगे जोन स्तरीय प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सीएससी राजकमल पटेल द्वारा अत्यंत प्रभावशाली और गरिमामय ढंग से किया गया। अंत में सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की।

# विधायक की पहल पर चेन्नई से आया श्रमिक का पार्थिव शरीर



**राउरकेला।** लाठीकटा ब्लॉक के सुईडीह पंचायत अंतर्गत कनरसुआ गांव के गणेश नागुआर 27 की मौत के बाद उनका पार्थिव शरीर विधायक की पहल पर चेन्नई से गांव पहुंचाया गया। गणेश 3 सितंबर को रोजगार के लिए तमिलनाडु के चेन्नई गए थे जहां एक ठेकेदार के अधीन काम करते हुए वे गंभीर रूप से बीमार पड़ गए।

जानकारी के अनुसार बीमारी के बावजूद ठेकेदार ने गणेश को काम करने के लिए मजबूर किया। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें राजीव गांधी सरकारी अस्पताल, चेन्नई में भर्ती कराया गया, जहां इसी महीने के पहले सप्ताह में उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिवारजन आर्थिक तंगी के कारण पार्थिव शरीर को गांव लाने में असमर्थ थे। ऐसे में सुईडीह सरपंच अरुणा इरानी किशान और समाजसेवी उमेश नाग के सहयोग से परिवार ने रघुनाथपाली विधायक दुर्गा चरण तांती से मदद की गुहार लगाई। विधायक ने तुरंत जिला प्रशासन, पुलिस और श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर सभी जरूरी प्रशासनिक मदद सुनिश्चित कराई। साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

- विधायक दुर्गा चरण तांती ने की परिजनों की मदद

विधायक के प्रयास से 13 अक्टूबर को गणेश का पार्थिव शरीर चेन्नई से राउरकेला लाया गया और सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखा गया। अगले दिन परिवारजन, पंचायत प्रतिनिधि और विधायक सहयोगी वासु सरगड़िया की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया गया। इस संबंध में लाठीकटा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की बहन ने बताया कि विधायक दुर्गा चरण तांती ने उन्हें आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार के नियमों के अनुसार परिवार को हरसंभव सहायता दिलाई जाएगी। वहीं सरपंच अरुणा इरानी किशान ने विधायक के सहयोग और संवेदनशील पहल के लिए आभार व्यक्त किया है।

# गढ़उमरिया में आयोजित आयुष मेले में 855 लोगों का हुआ उपचार




**बुनगा।** संचालनालाय आयुष रायपुर छग के आदेशनुसार जिला आयुष अधिकारी डॉ गौराहा के मार्गदर्शन में जिलास्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन गढउमरिया में किया गया।

प्रातः 10 बजे भगवान धनवंतरी की विधिवत पूजा अर्चना कर पुसौर जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान डीडीसी श्रीमती भगवती डोलनारायण नायक, सरपंच नित्यानंद यादव, गणमान्य नागरिक दुलार साहू ने मेला का शुभ आरंभ किए। आयुर्वेद जन जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए की थीम पर इस वर्ष शिविर का आयोजन किया गया। इसी लिए यह शिविर पहली बार जिला मुख्यालय से बाहर माननीय वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विधान सभा क्षेत्र के सबसे बड़े गांव गढ़उमरिया में आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी डॉ नीरज मिश्रा ने आयुर्वेद की वैज्ञानिकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। शिविर् का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देना एवं स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति बहुत ही प्राचीन है। जिसका कोई साइड इफेक्ट्स नहीं होते हैं एवं रोग जड़ से समाप्त होते हैं। शासन आयुर्वेद पद्धति अपनाने के लिए कई प्रकार की योजना चला रही है जिसे आयुष विभाग आम जनता तक पहुँचाने में लगे हैं। जिले में पंच कर्म द्वारा लोगों का इलाज की प्रचलन दिनों दिन बढ़ती जा रही है। शिविर में 855 रोगियों को उपचार कर निशुल्क औषधि वितरण किया। जिसमें आयुर्वेद पद्धति से 740 एवं होमियोपैथी पद्धति से 115 रोगियों का उपचार हुआ। 175 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। शिविर स्थल पर सभी लोगों को रोग प्रतिरोधक गुडचयदि काढा पिलाया गया। नेत्र परीक्षण, आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था रखी गई। शिविर स्थल पर विभिन्न आयुर्वेदिक विषयों पर आधारित पाम्पलेट जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, वातरोग, ऋतुचर्या, योगाभ्यास आदि का वितरण किया गया एवं प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। शिविर में मुख्यतः डॉ. कुणाल पटेल, डॉ. अजय नायक, डॉ प्रियंका नायक, डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. नरसिंग पटेल, डॉ.रविशंकर पटेल, डॉ गगन पटेल, डॉ. शेख सादिक, डॉ. संजीव पटेल सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी का सक्रिय योगदान रहा।

### जनता दरबार में 109 शिकायतें 10 का मौके पर समाधान

**सुंदरगढ़।** जिला प्रशासन की पहल पर सोमवार को सबडेगा ब्लॉक परिसर में संयुक्त जन शिकायत सुनवाई जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुंदरगढ़ की पुलिस अधीक्षक अमृतपाल कौर और अतिरिक्त जिलाधिकारी सुरज पटनायक उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान कुल 109 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 24 व्यक्तिगत और 75 सामूहिक शिकायतें शामिल थीं। इनमें से 10 शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के लिए 10 आवेदन भी प्राप्त हुए। जन शिकायत सुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी एवं कार्यपालक अधिकारी सुरंजन साहू, सुंदरगढ़ समन्वित आदिवासी विकास परियोजना के परियोजना प्रशासक धिरेन्द्र सेठी, एसडीपीओ निर्मल कुमार महापात्रा सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जनदर्शन में सुनी गई आमजनों की समस्याएं



**रायगढ़।** जिला कलेक्टोरेट में साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे आमजनों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना।

जनदर्शन में पीएम आवास, राजस्व, राशन कार्ड, सामाजिक पेंशन समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर श्री टोप्पो ने बारी.बारी से आमजनों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को तय समय.सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला कलेक्टेट में प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें और आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। रायगढ़ निवासी रुक्मणी स्वर्णकार ने भूमि पट्टा की अवधि बढ़ाने संबंधी प्रकरण का निराकरण न होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि नजूल न्यायालय में आवेदन दिए काफी समय हो गया है, पर समाधान नहीं हुआ। इसी तरह ग्राम बरपाली के सरपंच ने बताया कि पुराना पंचायत भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है और अब उपयोग में नहीं लाया जा सकता।

उन्होंने नया पंचायत भवन निर्माण की मांग की। रायगढ़ के निर्मल कुमार मरार ने चिकित्सा सहायता प्रदान किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं धरमजयगढ़ विकासखंड के जबगा गांव से आए ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें धान विक्रय के लिए 25 किलोमीटर दूर जमरगी डी जाना पड़ता है, जिससे भारी परेशानी होती है। उन्होंने स्थानीय धान खरीदी उपकेन्द्र की स्थापना की मांग की। किरोड़ीमल नगर की सुनीता साहू ने ग्राम उच्चभिट्ठी में स्थित अपनी निजी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे और बाउंड्री वॉल निर्माण की शिकायत दर्ज कराई।

## पेज 1 के शेष...

### पर्चे में लिखा ...

साथ राजनीति कर काम में बाधा डाल रहे हैं। पहले भी आपने हमारे काम में दखल दिया था, जिसे संगठन ने नजरअंदाज कर दिया। अब फिर ऐसा किया तो कार्रवाई होगी, जिससे जान-माल की हानि होगी।" गांव में यह पर्चा लगने की खबर फैलते ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। पूर्व मंत्री गणेश राम भगत पहुंचे मौके पर- घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री गणेश राम भगत भी सुलेसा पहुंचे और पूर्व उपसरपंच सल्लु राजवाड़े से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि क्षेत्र से नक्सली पूरी तरह खत्म हो चुके हैं। जिस तरह पर्चे चस्पा किए गए हैं, उससे साफ है कि कोई दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा है। हमने डीजीपी, एसपी और एडिशनल एसपी से बात कर परिवार को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।"

### विश्व हाथ धुलाई ...

एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों से जीवनभर स्वच्छता को आदत के रूप में अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब स्वच्छता प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बने।

### यशस्वी जशपुर ...

समय पर करने, बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने समुदाय को शाला से जोड़ने हेतु सुझाव दिया गया। बैठक में उपस्थित संकुल समन्वयक अप्सर हसन राईन एवं प्रधानपाठक श्रीमती सरिता नायक की ने फीड बैक देते हुए कहा कि जो कमियां आज के बैठक में हैं, अगामी बैठक तक पूर्ण कर ली जाएगी। अंत में बैठक के अध्यक्ष बालेश्वर यादव के द्वारा शिक्षकों को आपसी तालमेल से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि हमारा कार्य समय पर पूरा हो,हमारा विकासखण्ड शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते रहें और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

### फसल गिरदावरी ...

मुलाकात कर किसानों की इस जटिल समस्या का तत्काल प्रभाव से निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए ही विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

### टपरदा में स्वच्छता अभियान, जेसीबी से हो रही सफाई



**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत टपरदा में स्वच्छता अभियान चलाते हुए जेसीबी से सफाई की जा रही है।

कुछ साल पहले तात्कालीन सीईओ निलाराम पटेल एवं यहां के सरपंच सुनील पाण्डेय के अथक प्रयास से स्वच्छता अभियान के तहत यह ग्राम ओडीएफ के साथ-साथ स्वच्छ ग्राम की श्रेणी में रहा। इसके बाद इस गांव में पहले की तरह जगह-जगह झाड़ झंकड, बेतरतीब बसाहट के साथ फुहडता भी बढ़ गई। लोगों की यह भी शिकायत रही कि यहां महुआ शराब बनाए जाने से उसकी सड़ांध से गांव का वातावण दुषित हो रहा था, जिसे निजात दिलाने यहां के नव निर्वाचित युवा सरपंच दिनेश जांगड़े ने सफाई का बीड़ा उठाया है। इसके लिए उन्होंने अपने स्वयं के जेसीबी को उपयोग में लिया है। बहरहाल स्कूल परिसर, रोड, मैदान सहित अन्य निस्तारी जगहों की सफाई इनके द्वारा जारी है।

# वृद्धाश्रम में नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**रायगढ़।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन रायगढ़ द्वारा रजत जयंती के उपलक्ष्य में नेत्र जांच शिविर का आयोजन वृद्धाश्रम आशाप्रेरित देखभाल गृह, बाजिनपाली रोड, फटहामुड़ा रायगढ़ में किया गया। शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जगत तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के मार्गदर्शन में किया गया।

शिविर में वृद्धाश्रम के कुल 47 बुजुर्गजन तथा सभी कार्यरत कर्मचारियों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस जांच के दौरान 14 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जिनमें 9 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं। इसके अलावा 4 व्यक्तियों में प्रेसबायोपिया पाया गया, जिन्हें निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सोनाली मेश्राम शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. जीएस पैकरा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, अजय कुशराम नेत्र सहायक अधिकारी, धनसिंह यादव एमपी डब्ल्यू एवं मिथिलेश कुमार आरएचओ की उपस्थिति रही। साथ ही क्षेत्रीय मितानिनों का सहयोग रहा। शिविर में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों और हितग्राहियों को नेत्र जांच के अलावा पोषण, जीवनशैली सुधार तथा सामान्य स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां भी प्रदान की गईं।

# युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्लांट से काम कर घर लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल सोमवार की रात ग्राम गेरवानी-सराइपाली के बीच स्थित मां काली प्लांट के पास सड़क किनारे एक युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे और उसकी सांसें थम चुकी थी। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की तब मृतक की पहचान बिहार के वैशाली जिले के ग्राम बोरीगामा निवासी विरेंद्र कुमार के रूप में हुई। पुलिस के अनुसारए विरेंद्र कुमार एनआर इस्पात प्लांट में फिटर के पद पर कार्यरत था।




## बिलासपुर के साथ तीन मैच की सीरीज

# तहसीलदार मनोज ने खिलाड़ियों से मिलकर मैच किया प्रारंभ



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा स्टेडियम में सुबह 9 बजे घरघोड़ा तहसीलदार मनोज गुप्ता बिलासपुर अंडर 19 एवं ओपी जिंदल क्रिकेट अकादमी के मध्य तीन मैच की वन डे सीरीज का प्रारंभ, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टास जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष संतोष पांडे ने कराया।

घरघोड़ा स्टेडियम जो लगातार 44 वर्षों से बड़ी-बड़ी प्रतियोगिता कर अपना एक अलग स्थान बनाया है, जिसमें लगातार वर्ष भर क्रिकेट ट्रेनिंग एवं मैचेस होते रहते हैं। क्रिकेट के लगभग सभी राष्ट्रीय स्तर की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें ओपी जिंदल क्रिकेट एकेडमी संचालित हैं। इस वर्ष अभी तक कई सीरीज खेले जा चुके हैं, जिसमें केसीसी जशपुर के साथ तीन मैच का सीरीज, जशपुर जिला अंडर 19 के साथ मैच चांपा जांजगीर के साथ मैच अभी तक खेले जा चुके हैं। बिलासपुर जिला छत्तीसगढ़ क्रिकेट के नक्शे का एक महत्वपूर्ण जिला है, जिसकी टीम 3 मैच के लिए घरघोड़ा आई हुई है। खिलाड़ियों को यहां का टूफ विकेट हरा ग्राउंड बहुत पसंद आया है और कई खिलाड़ी तो प्रेक्टिस के लिए इसे बहुत अच्छा बताया, उनका कहना है कि हम लोगों ने नहीं सोचा था कि हमें ईतना अच्छा विकेट एवं ग्राउंड मिलेगा। बरसात ठंडी एवं गर्मी हर मौसम में नियमित क्रिकेट अभ्यास ओपी जिंदल क्रिकेट अकादमी में चालू रहता है, इंडोर क्रिकेट प्रैक्टिस की सुविधा यहां खिलाड़ियों को मिलती है। मैच प्रारंभ करते समय अतिथि मनोज गुप्ता तहसीलदार घरघोड़ा, संतोष कुमार पांडे अध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ रायगढ़, अशोक यादव प्राचार्य, शरद थवाईत, शिशु सिन्हा, मनोज बिसवाल, किशोर पटनायक, आशीष शर्मा, उमेश शर्मा, अश्विनी दर्शन, अजय शर्मा, संजय सिकदर, विनोद एक्का, मनीष बोहिदर एवं आसिफ खान के साथ साथ दोनों ही टीम के खिलाड़ी मौजूद थे।

